दिनांकः 08.03.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया–अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय परामर्श को संबोधित किया।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत दी जाने वाली राशि एक लाख रुपये से बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये करने की घोषणा की।

- जयपुर में कोन्स्टीट्यूशन क्लब का शुभारंभ–लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा–क्लब लोकतंत्र को मजबूती देते हुए संवाद का महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

- केन्द्र सरकार का अगले पांच सालों में चिकित्सा शिक्षा में 75 हजार नई सीटें बढ़ाने पर विचार।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी पर ज़ोर दिया है। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रीय परामर्श सम्मेलन का उद्घाटन किया। **नारी शक्ति से विकसित भारत** थीम पर इसका आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने महिलाओं की प्रगति में सभी से सहयोग की अपील की।

..................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुजरात के नवसारी में आयोजित '**लखपति दीदी सम्मेलन**' को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत, **महिला–नेतृत्व वाले विकास** की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

.................

सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री ने 25 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को साढे चार सौ करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता वितरित की।
महिला दिवस के मौके पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम हो रहे हैं। राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह जयपुर के बिड़ला सभागार में हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत दी जाने वाली सेविंग बोंड की राशि को एक लाख रुपये से बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये करने की घोषणा की।

..............

जयपुर विकास प्राधिकरण ने सेन्ट्रल पार्क में पिंक टॉयलेट के निर्माण की घोषणा की। उधर कोटा में इस मौके पर हुई वॉकेथोन में महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। इसके साथ ही महिला स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। झुंझुनूं में महिला सम्मान समारोह और रंगोली प्रतियोगिता रखी गई। बांसवाड़ा और बालोतरा में कार्यशाला का आयोजन किया गया वही भरतपुर में वाद–विवाद प्रतियोगिता हुई। सवाईमाधोपुर में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से संगोष्ठी हुई। इसमें महिलाओं को विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई।

000

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रस्तुत है, सिरोही जिले की थावरी देवी की सफलता की कहानी, जिन्होंने सौ से अधिक घरों को रोशन किया है।

..............

सिरोही के निचलागढ़ ग्राम पंचायत की वेराफली की रहने वाली थावरी देवी ने महिलाओं के लिए अनूठा उदाहरण पेश किया है। गांव में बिजली की समस्या को देखते हुए उन्होंने घरों में सौलर सिस्टम लगाने

का निश्चय किया। इसके लिए उन्होंने एक स्वंय सेवी संस्था की मदद से प्रशिक्षण लिया। इसके बाद उन्होंने घरों में सोलर सिस्टम लगाने की शुरूआत की।

................

पिछले साल थावरी देवी को राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाज़ा गया है। आज इनके गांव के करीब सौ से ज्यादा घर प्रकाश से जगमग हैं। समाचार कक्ष से सुदर्शन नाहर।

000

जयपुर में कोन्स्टीट्यूशन क्लब का आज शुभारंभ किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में क्लब का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए संवाद जरूरी है। श्री बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं में चर्चाओं और संवाद की परम्पराओं को बनाए रखना आवश्यक है। ये नया क्लब संवाद का महत्वूपर्ण मंच बनेगा और लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करेगा।

.................

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा की कोन्स्टीट्यूशन क्लब लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों और जनप्रतिनिधित्व को सशक्त बनाने का प्रयास है। समारोह में केन्द्रीय कृषि और कृषि कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, कई कैबिनेट मंत्री और विधायक मौजूद रहे।

000

..............

000

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने घोषणा की है कि सरकार अगले पांच सालों में चिकित्सा शिक्षा में 75 हजार नई सीटें बढ़ाने पर विचार कर रही है। श्री नड्डा आज नई दिल्ली् के भारत मण्डपम में **अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन संगोष्ठी** के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में एक सौ एक प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान शुरू हुए हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आइफा अवॉर्ड समारोह सिनेमा और संस्कृति के विस्तार का प्रतीक है। जयपुर में इसके आयोजन से राजस्थान में कॉन्सर्ट टूरिज्म की शुरूआत होगी। इसके साथ ही वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर भी राजस्थान की पहचान और तेजी से मजबूत होगी। श्री शर्मा आइफा सिल्वर जुबली अवॉर्ड समारोह को लेकर प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि फिल्म टूरिज़्म के क्षेत्र में भी प्रदेश की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने इस मौके पर कहा कि आइफा के आयोजन से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

...............

आईफा रजत जंयती समारोह में आज डिजिटल अवॉर्ड्स दिये जा रहे हैं। इसमें ओटीटी सितारों को भी सम्मानित किया जाएगा।

000

डीग में कल से बृज होली महोत्सव होने जा रहा है। जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से दो दिन के इस उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। इसके साथ ही शोभा यात्रा निकाली जाएगी और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वहीं डीग के प्रसिद्ध जल महलों में फव्वारे चलाकर होली के रंग बिखेरे जाएंगे। उधर, पाली के अनेक मंदिरों में फागोत्सव का उल्लास छाया हुआ है और होली के गीत गाए जा रहे हैं।

000

उदयपुर के सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क क्षेत्र में वन्य जीव अभ्यारण के पीछे लगी भीषण आग पर आज काबू पा लिया गया। चार दिन पहले लगी आग के बढ़ने पर क्षेत्र के आस–पास के गांवों को खाली कराया गया और बड़ी संख्या में फायर बिग्रेड लगाई गईं। दमकलकर्मियों के लगातार फेरों और वनकर्मियों की कोशिशों से आग पर काबू पा लिया गया है।

000

प्रदेश में दिन का तापमान बढ़ने से हल्की गर्मी का अहसास होने लगा है। वहीं रात को अभी भी ठंड का असर बरकरार है। बाड़मेर में कल पारा 38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। ज्यादातर स्थानों पर दिन का पारा 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा जा रहा है। वहीं कुछ स्थानों यह 35 डिग्री सेल्सियस को पार

गया है। रात का तापमान ज्यादातर इलाकों में 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज रहा है। आज हनुमानगढ़ के संगरिया में 8 दशमलव 1, फतेहपुर में 8 दशमलय 6 तथा सीकर में न्यूनतम तापमान 8 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले चार–पांच दिन मौसम साफ रहने की संभावना है।

000

आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला कल भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। दुबई में होने वाले इस मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है। टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने अपने सभी मैच जीते हैं। ऐसे में भारत का पलड़ा भारी है। वहीं न्यूजीलैंड की टीम दबाव में भी अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखती है।

000